an>

Title: Need to initiate for hosting the Fourth Summer Youth Olympic Games in India during 2022.

श्रीमती पूनम महाजन (उत्तर मध्य मुम्बई) : महोदया, मैं जो मुद्दा उठाना चाहती हूं, मुझे नहीं पता कि वह नेशनल इंट्रेस्ट में है या नहीं। हमारे देश की जनसंख्या युवा होती जा रही है। यहां भी बहुत सारे युवा सांसद बैठे हुए हैं। हम सब युवा शिक्षा में ज्यादा ध्यान देना चाहते हैं। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का नारा आ गया। हम बच्चों को अच्छा खाना दें, उनको स्पोर्टस में आगे बढ़ाएं, इससे हम लोग खेलकूद में आगे बढ़ सकते हैं। आजकल भारत कॉम्नवेल्थ गेमों, एशियन गेमों या ओलंपिक में भाग लेता है और वहां से मेडल भी जीत कर आ रहा है। प्रधानमंत्री जी ने कहा है कि हमारे युवा ज्यादा अच्छा खेलें, मेडल जीत कर देश का नाम आगे बढ़ाएं। मैं दो मिनट में विवरण देना चाहती हूं कि फीफा का अंडर-17 वर्ल्ड कप हमारे देश में हो रहा है, वर्ष 2008 में एशियाई खेल भी हुए थे, 2008 में पुणे में कॉम्नवेल्थ यूथ गेम्स भी हुए थे। जब हमारा देश खेलों में आगे बढ़ेगा, युवाओं को उस रूप से इफ्रास्ट्रक्चर मिलेगा तो वे भी खेलों में अच्छी रूचि दिखायेंगे। अमेरिका, चीन आदि देशों के साथ हमारा देश आगे बढ़ना चाहता है। चीन या एशियाई देश खेल-कूद पर बहुत ज्यादा ध्यान देते हैं इसलिए वहां सबसे ज्यादा मैंडल्स भी मिलते हैं और बच्चे भी आगे बढ़ते हैं।

अध्यक्ष महोदया, यहां अभी खेल मंत्री जी नहीं हैं। लेकिन मैं उनसे निवेदन करना चाहती हूं कि एक नयी यूथ समर ओलम्पिक संकल्पना आयी है, जो वर्ष 2010 से शुरू हुई है। वर्ष 2010 में यह सिंगापुर में हुई, वर्ष 2014 में चाइना के नानजींग में हुई और वर्ष 2018 में वह अर्जेंटीना में हो रही है। क्यों न हम सरकार खेलों का इफ्रास्ट्रक्चर बढ़ाने के लिए वर्ष 2022 या 2026 के यूथ समर ओलम्पिक गेम्स भारत में करायें? हमारे पास पुणे में इफ्रास्ट्रक्चर है, दिल्ली में इफ्रास्ट्रक्चर है। हैदराबाद में एफ्रो-एशियाई गेम्स हुए थे। हमारे तीन शहरों में इफ्रास्ट्रक्चर है। देश भर में ऐसी जगह जहां हम इफ्रास्ट्रक्चर बढ़ाना चाहते हैं, युवाओं को ताकत देना चाहते हैं तो क्यों न हम वर्ष 2022 या 2026 के यूथ समर ओलम्पिक्स को अपने यहां कराने के लिए दावा करें और उसे जीतने की कोशिश करें?

माननीय अध्यक्ष :

श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत और

श्री हरिओम सिंह राठौड़ को श्रीमती पूनम महाजन द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।